नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ...............

दिनांक : 20.10.2019

# प्रकाशनार्थ

## (शिक्षक–अभिभावक सम्मेलन)

अभिभावक शिक्षक–प्रशिक्षण संस्थाओं के वास्तविक मूल्यांकनकर्त्ता हैं। संस्थाओं की हर अच्छी–बुरी सूचना उन्हें अपने पाल्य विद्यार्थियों से प्राप्त होती है। अभिभावक यदि निश्पक्ष–निडर होकर संस्था को अपना फीड–बैक एवं सुझाव देते रहें, संस्था के आलोचक बनें, तो संस्था की निरन्तर प्रगति में उनका अमूल्य योगदान होगा। संस्था के लिए अभिभावक संस्था की तीसरी आँख हैं। उक्त बातें आज महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आयोजित अभिभावक–शिक्षक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि योगवाणी के सम्पादक **डॉ. फूलचन्द्र गुप्त** ने कही।

प्राचार्य **डॉ. प्रदीप कुमार राव** ने कहा कि शिक्षण संस्था के चार स्तम्भ हैं – (1) प्रबन्धतन्त्र (2) प्राचार्य, शिक्षक एवं कर्मचारी (3) विद्यार्थी (4) अभिभावक। इनमें से कोई भी स्तम्भ कमजोर होगा तो संस्था का न तो समग्र विकास हो सकता है और न ही संस्था अपेक्षित परिणाम दे सकेगी। अभिभावक हमारी दृष्टि बनें, हमारे सहयोगी बनें, हम उन्हें उनके पाल्यों को संस्कारित, नैतिक, सदाचारी, अध्ययन–शील बना कर उन्हें सौपेंगे। हम एक योग्य भारत का नागरिक निर्माण करने में सफल हो सकेंगे। हम अपने बेटे–बेटियों को उद्दमशील–क्रियाशील–आत्मनिर्भर बना पाएंगे।

शिक्षक–अभिभावक संघ के अध्यक्ष **श्री विपिन कुमार यादव** ने कहा कि महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज ने इस ग्रामीण अंचल में एक नयी लकीर खींची है। इस संस्था में प्रवेश ही बेटियों की सुरक्षा की गारंटी होती है। यह संस्था हमारे बच्चों में संस्कार तथा राष्ट्रभक्ति का भाव निर्माण कर उन्हें दायित्वबोधी बना रही है। हम अभिभावकों का संस्था के साथ निरन्तर सहयोग बना रहेगा। शिक्षक अभिभावक संघ के उपाध्यक्ष **श्री अमन चौहान** ने कहा कि महाराणा प्रताप पी. जी. कालेज ने शिक्षा की गुणवत्ता का जो मानक स्थापित किया है, उससे हमें यह अफसोस नहीं रह जाता कि हम अपने बेटे–बेटियों को अच्छी संस्था उपलब्ध नहीं करा पाए।

शिक्षक अभिभावक संघ के सचिव एवं संयोजक श्री संजय जायसवाल ने अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा संचालन श्री प्रदीप वर्मा ने किया। इस सम्मेलन में श्री जितेन्द्र सिंह, श्री लालबच्चन सिंह, श्री राम नरेश, श्री विजय कुमार, श्री दिवाकर त्रिपाठी, श्री बह्मानन्द, श्री राजेन्द्र सिंह, श्री दुर्गेश नारायण शर्मा, श्रीमती प्रीति शर्मा, श्रीमती सुमन देवी गौड़, श्रीमती कुसुम देवी, श्रीमती मीरा पाण्डेय, श्रीमती उमा देवी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

Rajesh

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

डॉ. राजेश शुक्ल